हाल सुनलो सांवरे | by Reshmi Sharma

हाल सुनलो मेरा तुम अगर सांवरे
भर सी आएँगी तेरी नज़र सांवरे
हूँ गरीबी का मैं तो सताया हुआ
मेरी लेता नहीं क्यों खबर सांवरे
हाल सुनलो मेरा तुम अगर सांवरे ....

ज़िक्र तुमसे मैं अपना करूँ भी तो क्या
टुकड़े टुकड़े सीए तो ये जामा बना
हाल इससे बुरा हो किसी का भी क्या
इस ज़माने का मैं तो सुदामा बना
मैं वो तो शाख हूँ टूटा जो दाल से
पत्तों सा हो गया मैं बिखर सांवरे

पाया कुछ भी नहीं अब तलाक सांवरे
चीज़ अपनी सदा देखी खोते हुए
हार करके पुकारा तुझे सांवरे
उम्र गुज़री सदा मेरी रोते हुए
अब निकालो प्रभु दुःख के कांटे सभी
और मुझ में नहीं है सबर सांवरे

हो सके तो दया इतनी करना प्रभु
सबके आगे ना फैले ये हाथ मेरे
साथ मेरे कोई हो ना हो ऐ प्रभु
पाऊं माधव सदा तुझको साथ मेरे
फेरो नज़रे करम अपने इस दास पे
करदो जीवन ये मेरा बसर सांवरे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b2-%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-reshmi-sharma-2/